नईदुनिया

भोपाल, 5 जून 2026

'यादे बशीर बद्र' में उमड़ा साहित्य प्रेमियों का सैलाब

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में 4 जून को रवीन्द्र भवन स्थित अंजनी सभागार में आयोजित 'यादे बशीर बद्र' कार्यक्रम में शहर के साहित्य एवं कला प्रेमियों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। कार्यक्रम प्रख्यात शायर बशीर बद्र को समर्पित था, जिसमें संवाद सत्र और अखिल भारतीय मुशायरे के माध्यम से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'पद्मश्री बशीर बद्र केवल एक बड़े शायर ही नहीं, बल्कि मोहब्बत, इंसानियत और तहज़ीब की ऐसी आवाज़ थे जिन्होंने अपनी शायरी से करोड़ों दिलों को जोड़ा।

इसके बाद 'मोहब्बतों का सफ़ीर शायर : बशीर बद्र' विषय पर आधारित संवाद सत्र में प्रख्यात फ़िल्म निर्माता-निर्देशक एवं संगीतकार विशाल भारद्वाज तथा सुप्रसिद्ध गायिका रेखा भारद्वाज एवं डॉ नुसरत मेहदी ने बशीर बद्र

साहब से जुड़ी यादों, उनके व्यक्तित्व और शायरी के विभिन्न आयामों पर विस्तार से बातचीत की। विशाल भारद्वाज ने बशीर बद्र साहब से अपनी पहली मुलाक़ात का ज़िक्र करते हुए कहा कि बशीर बद्र साहब से मेरी पहली मुलाकात उनके एक अमर शेर के माध्यम से हुई, जिसने मेरे कॉलेज के उन दिनों में, जब हिन्दुस्तान में ग़ज़ल पुनर्जीवित हो रही थी, मेरे मन को गहरे प्रभावित किया। 'ये इक पेड़ है आ इससे मिलके रो लें हम, यहाँ से तिरे-मिरे रास्ते बदलते हैं' — इस पंक्ति ने मुझे इतना मोहित किया कि मैंने उनके और अशआर खोजने शुरू कर दिए। मेरी बहन उनकी बेटी की सहेली थी, अत: मैंने उनके उपलब्ध ग़ज़ल-संग्रह को एक रात के लिए उधार लिया और पूरी रात जागकर उसे अपनी डायरी में उतार लिया। वह डायरी फिर मेरे साथ हमेशा रही। धीरे-धीरे उनकी शायरी मेरे भीतर दीवानगी बन गई और मैं मेरठ में उनके पास जाने लगा। रेखा भारद्वाज यादें साझा करते हुए कहा कि मेरा बशीर बद्र साहब से परिचय उनके शिष्य-जैसे विशाल के माध्यम से हुआ। हम दोनों एक ही कॉलेज में पढ़ते थे, जहाँ विशाल अक्सर उनकी शायरी सुनाया करते थे और ख़ासतौर पर यह मार्मिक शेर बार-बार दोहराते 'यूँही बेसबब न फिरा करो, कोई शाम घर भी रहा करो'। धीरे-धीरे उनकी इन पंक्तियों ने मुझे भी आकर्षित किया और मैं भी उनके अशआर सुनने लगी। जब अंतत: उनसे मुलाकात हुई, तो उन्होंने मुस्कराते हुए पूर्ण स्नेह से कहा — 'ये मेरी बिटिया है।' और उन्होंने मुझे अपनी बेटी बना लिया। संवाद सत्र के दौरान लोकप्रिय गायिका रेखा भारद्वाज और विशाल भारद्वाज ने बशीर बद्र की ग़ज़लें भी सुनाईं। इस सत्र का संचालन समीना अली सिद्दीक़ी ने किया।

दूसरे सत्र में आयोजित अखिल भारतीय मुशायरे की अध्यक्षता प्रो. वसीम बरेलवी ने की। मुशायरे में पढ़े गए कुछ अशआर....

ये नाक़द्री हमारी इसलिए है
तिरा होने में जल्दी कर गए हम। नदीम शाद (देवबंद)जो देखना हो मुझे तो ज़रा ठहर जाना मैं मंज़रों के बहुत बाद का नज़ारा हूँ। गौतम राजऋषि (मेरठ)हम अपने दिल की दुनिया में हैं लेकिन यहाँ भी जी नहीं लगता हमारा पूजा भाटिया (मुंबई)। सूरत ए हाल तो नहीं बदली, हाल बदला, बदल गई सूरत हिना अब्बास (अलीगढ़)

हमारी याद में ज़िन्दा है वो शायर जो कहता है। न जाने किस गली में ज़िंदगी की शाम हो जाए। शाहनवाज़ अंसारी (इंदौर) बशीर बद्र हैं शायर, वो कोई आम नहीं, निगाह-ए-नाज़ से उनको निहारते जाओ। ज्योति आज़ाद खत्री (ग्वालियर) इसी खलिहान में मैने मेरा बचपन गुज़ारा है दरोग़ा बन भी जाऊं तो किसानी याद आएगी

चित्रांश खरे (भोपाल) रहो उम्र भर मेरे साथ-साथ, मुझे तुमसे कोई गिला नहीं। मगर आफ़तों, ये बता तो दो, मेरे घर का किसने पता दिया। फ़रहान मंज़र (कोरवाई) वैसे ही सारे शहर में वो खुश लिबास थी ऊपर से उसने रंग भी गहरा पहन लिया। नौमान ग़ाज़ी (भोपाल)अजीब ढंग से मुझ को मिली है आज़ादी परिंदा पिंजरे में पिंजरा हवा में रक्खा गया। सलमान सईद (दिल्ली) एक दिन हम भूल से जंगल से बाहर आ गए, और फिर जद्दो जहद को ज़िंदगी समझा गया। यश शुक्ला (इंदौर)शायरों ने बशीर बद्र साहब को अपने अशआर के माध्यम से ख़िराज-ए-अक़ीदत भी पेश किया। मुशायरे का संचालन दिल्ली के युवा शायर सलमान सईद ने किया। कार्यक्रम के अंत मे श्री मुमताज़ ख़ान ने सभी अतिथियों, शायरों एवं उपस्थित साहित्य प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

आरपीएफ ने 346 किन्नरों पर की कार्रवाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रेल यात्रियों से लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों तथा रेलवे परिसरों एवं ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेल सुरक्षा बल, भोपाल मंडल द्वारा विशेष सघन अभियान चलाया गया। यह अभियान डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के निर्देशन में मंडल के सभी आरपीएफ पोस्टों द्वारा संचालित किया गया।

अभियान के दौरान रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्रियों को अनावश्यक रूप से परेशान कर धन की मांग करने, जबरन वसूली करने तथा यात्रा में व्यवधान उत्पन्न करने जैसी गतिविधियों की रोकथाम हेतु व्यापक स्तर पर जांच एवं निगरानी की गई। इसी क्रम में

वर्ष 2026 के पांच माह में कार्रवाई के दौरान ऐसे कुल 346 किन्नरों को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध रेलवे अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए 2 लाख 15 हजार 7 सौ पैंतीस रूपये जुर्माना वसूल किया गया जबकि केवल मई माह में 39 किन्नरों के विरुद्ध करवाई कर 29 हजार 1 सौ अस्सी रूपये जुर्माना राशि वसूल किया गया। रेल सुरक्षा बल द्वारा मंडल के सभी पोस्टों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे मामलों में सतत निगरानी रखें, नियमित जांच अभियान संचालित करें तथा यात्रियों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को प्रभावित करने वाली गतिविधियों के विरुद्ध ऐसे विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./5618 /22/D-12/MPRRDA/2026 Bhopal, Dated : 04.06.2026

NOTICE INVITING TENDER NO. 1276 (PMGSY-IV)

(Batch-I, Year-2026-27)

Online Tenders for Construction of Rural Roads /CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in.** as detailed below;

- **Name of Work–** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction.
- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority, effective from 01.01.2024 and amended upto issue date of NIT.
- **PMGSY-IV (Batch-I, Year-2026-27)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	No. of Road	Total Length (in kms)	Total PAC (In Rs.)
1	2	3	4	5	6
1	Alirajpur	10	64	127.45	1084112000.00
2	Barwani	29	118	257.99	2297402490.00
3	Chhatarpur	3	8	17.55	134506406.00
4	Damoh	8	41	82.73	490577982.00
5	Dewas	15	39	94.97	690615654.00
6	Dhar	14	73	109.34	912856186.00
7	Khandwa	1	4	14.44	118286510.00
8	Khargone	8	20	42.51	368853000.00
9	Neemuch	3	12	27.62	240388000.00
10	Panna	3	7	14.80	120580000.00
11	Sagar	19	47	89.02	705328000.00
12	Ujjain	6	18	35.69	299730500.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchase online from **23.06.2026 (17:30 hrs)** and last date for online bid submission is **15.07.2026 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P.M./126207/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

''मेरी सड़क'' एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

वीआईटी भोपाल की स्टार योजना से ग्रामीण प्रतिभाओं को नई उड़ान

95% छात्रों को मिला प्लेसमेंट

सीहोर। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी की पूरी तरह से फंडेड स्टार (सपोर्ट द एडवांसमेंट ऑफ रूरल स्टूडेंट्स) योजना मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए सफलता का मजबूत माध्यम बनकर उभरी है। योजना के तहत पढ़ाई कर चुके छात्रों को लगातार उत्कृष्ट प्लेसमेंट मिल रहे हैं, जिससे यह पहल शैक्षिक सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव का प्रभावी उदाहरण बन गई है।

वर्ष 2019-23 बैच ने 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल किया, जबकि 2020-24 बैच का प्लेसमेंट प्रतिशत 94.74 रहा। 2021-25 बैच के 86 प्रतिशत विद्यार्थियों को रोजगार मिला, वहीं 2022-26 बैच के 95 प्रतिशत छात्र अब तक प्लेसमेंट प्राप्त कर चुके हैं।

वीआईटी भोपाल के चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन की परिकल्पना पर आधारित यह योजना वर्ष 2019 में शुरू की गई थी।

इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। योजना के तहत मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले से 10वीं और 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एक छात्र और एक छात्रा को पूर्ण शैक्षणिक सहायता प्रदान की जाती है।

योजना में 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस माफी, नि:शुल्क छात्रावास और मेस सुविधा जैसी सुविधाएं दी जाती हैं।

वीआईटी भोपाल की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट कादंबरी एस. विश्वनाथन ने कहा कि यह पहल प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अवसर देकर उनके साथ-साथ परिवारों और समाज के विकास में भी योगदान दे रही है।

कार्यालय नगर परिषद् आठनेर, जिला बैतूल (म.प्र.)

क्रमांक/नि.वि./2026/1096 आठनेर, दिनांक 05/06/2026

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्यपूर्ण करने की समायावधि एवं लागत		निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	
1	2	3	4		5	
01	2026_UAD _ 507488_1	वार्ड क्रं. 15 में बल्लू खान के मकान से जीवन उइके से सफी के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	03 माह	328872	2000	3300
02	2026_UAD _ 507486_1	वार्ड क्रं. 15 में गोपाल आटा चक्की से जावेद के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	03 माह	263325	2000	2700

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की बेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

(एस प्रजापति) मुख्य नगरपालिका अधिकारी न.प.आठनेर | (अजय पोटफोडे) सभापति लोक निर्माण/ उद्यान विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग न.प.आठनेर | (विनय जितपुर) उपाध्यक्ष न.प.आठनेर | (सुषमा मनोज जगताप) अध्यक्ष न.प.आठनेर

सूडोकु नवताल- 7801

★★★★★ कठिनतम

		8			4			
1								9
3				2			5	
			1				8	
		5				4		
	7				9			
	6			3				2
9								1
			8			7		

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7800 का हल

6	3	8	5	2	1	4	7	9
7	9	1	4	6	3	5	8	2
2	4	5	7	9	8	6	3	1
9	1	3	2	5	4	8	6	7
4	6	2	8	1	7	9	5	3
5	8	7	6	3	9	1	2	4
3	2	4	1	8	5	7	9	6
8	7	6	9	4	2	3	1	5
1	5	9	3	7	6	2	4	8

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 7474



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

काकुरो - 7473 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8871



बाएँ से दाएँ

1. ग्राणेंद्रिय-2
2. लंबी गर्दन वाला पशु-3
4. आफत,मुसीबत-2
6. लाचार-3
7. आसरा,मदद-3
8. आश्रय,शरण-3
9. राज कपूर की पोती-3
10. कर्म,भाग्य-3
11. दासत्व,गुलामी-3
13. आर्टिकल-2
14. इच्छा,लालसा-3
15. दुगना,दोगुना-2
16. भार-3
17. टेसू के फूल-3
18. राजा का भवन-3
19. चौकसी-2
20. प्रेमी,साजन-3
21. कैनाल,उपनदी-3
23. जीवन सत्व,प्राण-2
24. प्रहार,आक्रमण-3
25. ठाठ-बाट-2

ऊपर से नीचे

1. अभिमान-2
2. मारना,वध करना-2
3. नृत्य,कृष्णलीला-2
4. अपव्यय करना-3
5. वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6. अज्ञात,अनाम-3
7. नदी,दरिया-3
8. जांच,परीक्षण-3
9. परीक्षा करना-3
10. जिगर-3
11. आंचल-3
12. नाश,विध्वंस-3
14. अंजन,नेत्रांजन-3
15. लाडला-3
16. शक,संदेह-3
17. तीन घंटे का समय-3
18. चिंतन-3
19. प्रथम-3
20. दंड,शिक्षा-2
21. आंशिक भीगा हुआ-2
22. प्राण,जीवन तत्व-2

शब्द पहेली -8870 का हल

ह	क		सा	ग	र		म	जा
द	म	न		म	वा	ली		म
	र	म	ल		ना	प	ना	
स		क	ह	र		ना	का	म
ली	न		जा	त	क		रा	जा
का	र	क		न	ह	र		क
	म	म	ता		वा	च	न	
ना		ल	क	वा		ना	य	क
व	र		त	र	फ		न	म

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7313



ऊपर से नीचेः-

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. 'संदेसे आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. अजय देवगन, तब्बू की 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'खुशी' में फरदीन की नायिका ?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो' गीत वाली राजकुमार, राजेशखन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनील दत्त, नूतन की फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म ?-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, नालासिन्हा की 'आज गालो मुस्करा लो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम ?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की एक फिल्म-२
३०.'मिलती है झुकती है' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, शरद, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी ?-३
१६. ऋषि कपूर, जेबा, अश्विनी भावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी ?-३
२०. 'जादू है नशा है' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में रणधीरकपूर के साथ नायिका कौन थी ?-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था ?-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है ?-३

फिल्म वर्ग पहेली- 7312

अ	जू	बा		जो	र		दा	मि	नी
ल		बा	जी		क्ष	त्रि	य		तू
बे	टा		न	म	क		रा	जा	
ला		अं	त			रे		लि	
	दा	दा		नू		जा	ने	म	न
मे		ज	ह	री	ले		हा		गिं
री	मा		त्या		कि	ला		द	स
जं		सू		म	न		म	र्द	
ग	द	र		द		आ	ह		डॉ
	म	ज	बू	र			ल	गा	न

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7407

3		4	6			7
	32		32	1	30	3
1		5		3		2
	35		35		32	
7		6		4		
	34	1	34	5	28	4
4	3	2			1	5

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7406 का हल

3	1	4	6	2	5	7
5	32	7	32	1	30	3
1	6	5	4	3	7	2
2	26	3	37	7	37	6
4	3	2	7	6	1	5
6	34	1	34	5	28	4
7	5	6	3	4	2	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8427

अ	म	मा	वी	र	जा	रा	न	ह	क	र	
हा	शो	सू	ह	का	ल	जी	स	ल	ग	ज	
य	वी	का	द	डॉ	ल	त	र	जी	ल	वी.	
श	र	दा	ज	ल	न	न	बा	र	सु	को	
बॉ	दे	न	ष	ल्र	म	मी	छ	बा	नो	य	
स	मी	व	स	जि	स्वा	क	प	द	स	ला	
के	ह	बु	दा	वी	म	मी	टे	शा	रू	प	
न	पू	सु	पा	स	पं.	सौ	ल	ह	र	स	
प	र	दे	स	ह	प	ने	ने	व	जी	त	
म	व	म	ब	फा	दी	र	ह	री	क	थ	
म	ह	न	मो	ह	ब्ब	ते	न	ज	ल	वा	

शब्दजाल में शाहरुख खान की १० फिल्मों के नाम ढूंढिए.नाम ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

डॉन, वीर जारा, देवदास, यश बॉस, परदेस, बाजीगर, कोयला, बादशाह, अशोका, मोहब्बते.

शब्दजाल - 8426 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore